जनसंपर्क प्रकोष्ठ
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग

*हरमाडा–बढारणा क्षेत्र को मिलेगा बीसलपुर का पानी*

# जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने हरमाड़ा में किया 43.48 करोड़ रूपए की जल संवर्धन योजना का शिलान्यास

## भट्टा बस्ती में उच्च जलाशय एवं पाइप लाइन कार्यों का भी शिलान्यास

जयपुर, 22 जनवरी। जयपुर शहर के हरमाड़ा एवं बढारणा क्षेत्र को पर्याप्त दबाव से बीसलपुर का पानी उपलब्ध कराने के लिए शहरी जल संवर्धन योजना का शिलान्यास रविवार को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. महेश जोशी ने हरमाड़ा स्थित मनसा माता मंदिर क्षेत्र में किया। इसके तहत 1500 किलो लीटर एवं 700 किलो लीटर क्षमता के दो उच्च जलाशय एवं 1800 किलो लीटर व 1400 किलोलीटर क्षमता के दो स्वच्छ जलाशयों के निर्माण के साथ ही 143 किलोमीटर लम्बी पाइप लाइन डाली जाएगी।

जलदाय मंत्री ने इसके बाद हवामहल विधानसभा क्षेत्र की भट्टा बस्ती में पर्याप्त दबाव से पेयजल आपूर्ति के लिए बन रहे 2 हजार किलो लीटर क्षमता के उच्च जलाशय एवं 10.6 किलोमीटर डीआई पाइप लाइन बिछाने के कार्यों का भी शिलान्यास किया। इन कार्यों की लागत 8 करोड़ 17 लाख रूपए है।

उल्लेखनीय है कि हरमाड़ा–बढारणा को बीसलपुर से पेयजल उपलब्ध कराने के लिए शहरी जल संवर्धन योजना मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत की बजट घोषणा में शामिल है। इसी के तहत जलदाय मंत्री ने रविवार को विभिन्न कार्यों का शिलान्यास किया। इनमें रोड नम्बर 13 पर रीको परिसर में 1500 किलो लीटर एवं बढारणा स्थित मोक्षधाम में 700 किलो लीटर क्षमता के उच्च जलाशय बनाए जाएंगे। साथ ही, मनसा माता मंदिर क्षेत्र, हरमाडा में 1800 किलो लीटर तथा रीको परिसर में 1400 किलो लीटर क्षमता के स्वच्छ जलाशय बनाए जाएंगे। इस शहरी जल संवर्धन योजना में 143 किलोमीटर लम्बी पाइप लाइन भी डाली जाएगी जिसमें 30 किलोमीटर डीआई तथा 113 किलोमीटर एचडीपीई पाइप लाइन शामिल है।

इस पेयजल योजना का लाभ हरमाड़ा एवं बढारणा क्षेत्र की गायत्री नगर, सुदामापुरी, गंगा विहार, विजय नगर, कृष्णा नगर, श्याम नगर, ओमपुरी, न्यू करणी कॉलोनी, भगवान नगर, गौतम एन्क्लेव आदि कॉलोनियों की करीब 60 हजार की आबादी को लाभ मिलेगा।

जलदाय मंत्री ने हवामहल विधानसभा क्षेत्र की भट्टा बस्ती में 8 करोड़ 17 लाख रूपए की लागत से बनने वाले 2 हजार किलो लीटर क्षमता के उच्च जलाशय एवं वितरण पाइप लाइन बिछाने के कार्यों का भी शिलान्यास किया। वितरण प्रणाली सुदृढ़ होने, पुरानी एवं जीर्ण–शीर्ण लाइनों को हटाकर करीब 10.6 किलोमीटर नई डीआई पाइप लाइन डालने से भट्टा बस्ती क्षेत्र में पर्याप्त दबाव के साथ पेयजल आपूर्ति हो सकेगी और पेयजल लाइन में प्रदूषित पानी की समस्या से भी निजात मिलेगी।

इस पेयजल संवर्धन योजना से हवामहल विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 5,6,7,15 एवं 16 की पेयजल समस्या का दीर्घकालीन समाधान होगा और साथ ही भट्टा बस्ती के ए,बी,सी एवं डी ब्लॉक, शिवाजी नगर, राजीव नगर, न्यू संजय नगर, बजरंग नगर, शहीद इन्द्रा ज्योति नगर, विजय नगर आदि में पर्याप्त दबाव से शुद्ध पेयजल आपूर्ति हो सकेगी।

———